जोधपुरः केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, राहुल गांधी पर किया जुबानी हमला

जोधपुर, 10 अगस्त (वेब वार्ता)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को अपने निवास पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान जोधपुर और आसपास के ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में सावणी पूर्णिमा पर्व, पर्यावरण संरक्षण और वर्तमान राजनीतिक मुद्दों पर अपनी राय रखी।

शेखावत ने सावणी पूर्णिमा को संकल्प का पर्व बताते हुए कहा कि यह केवल बहनों की रक्षा और मातृशक्ति के सम्मान के लिए ही नहीं, बल्कि संस्कृति, राष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि हम अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे समय में हमें विरासत के संरक्षण का भी संकल्प लेना होगा। खेजड़ली के पवित्र स्थल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यहां 363 महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बलिदान दिया था। मंत्री ने कहा कि उन्होंने वहां वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान शेखावत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पर आरोप लगाना और फिर प्रमाणिक जानकारी न देना जिम्मेदारी से बचने जैसा है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने कहा कि वोटर लिस्ट में एक लाख से ज्यादा डुप्लीकेट नाम हैं, जो उनके सॉफ्टवेयर से निकले हैं। ऐसे में चुनाव आयोग का यह अधिकार है कि वह सत्यापन के लिए जानकारी मांगे। लेकिन गांधी परिवार खुद को व्यवस्था और संविधान से ऊपर मानता है, इसलिए जानकारी देने से बचता है।

उन्होंने यह भी कहा कि पहले महाराष्ट्र चुनाव के समय भी राहुल गांधी ने यही दावा किया था, लेकिन अब जब पूरे देश में वोटर लिस्ट की जांच का अभियान चल रहा है, तो वह इसके विरोध में बोल रहे हैं। शेखावत ने कहा कि कई वर्षों तक सत्ता से बाहर रहने और लगातार चुनाव हारने के बाद लगता है कि राहुल गांधी अपना संतुलन खो बैठे हैं और इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं। पेपर लीक मामले में एसओजी की ओर से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पीएसओ की गिरफ्तारी पर उन्होंने कहा कि हर उस अपराधी को सजा मिलनी चाहिए, जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है।

पुलिस संवेदनशील इलाकों में निकाला रूट मार्च

जोधपुर, 10 अगस्त (वेबवार्ता)। जोधपुर में इस बार राज्यस्तरीय 15 अगस्त का मुख्य समारोह भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में होगा, जिसकी लिए तैयारियां जोरों पर हैं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने विशेष योजना तैयार की है। एसीपी छवि शर्मा के निर्देशन में रूट मार्च निकाला गया। इस रूट मार्च में महिला पुलिस टीम की कॉन्स्टेबल टीम कालिका सहित अन्य जवानों शामिल हुए। रूट मार्च संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर गुजरा। इसमें संदिग्ध स्थानों की विशेष निगरानी की गई। इसका उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भरोसा जगाना और अपराधियों में भय पैदा करना था। महिला पुलिस दल की मौजूदगी से विशेष रूप से महिला सुरक्षा का संदेश भी दिया गया। मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। सीसीटीवी से निगरानी 15 अगस्त के दिन बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। विभिन्न कलाकार भी स्वतंत्रता दिवस पर विशेष कार्यक्रम पेश करेंगे। प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल के भीतर और बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की योजना बनाई है। भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

महाराष्ट्र में बंद नहीं होगी 'लाडकी बहन योजना' : एकनाथ शिंदे

अकोला, 10 अगस्त (वेब वार्ता)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अकोला शहर पहुंचे, जहां आदिवासी दिवस पर विशाल रैली का आयोजन किया गया था। एकनाथ शिंदे ने इस रैली में हिस्साी लिया। इस दौरान एकनाथ शिंदे ने आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जिस समय शिवसेना ने कांग्रेस के साथ हाथ मिलाया, उस समय हमने इस राज्यक में सरकार बदल दी और सत्ता परिवर्तन किया। विपक्षी दल हमारी आलोचना करते हुए कहते थे कि एक भी विधायक चुनकर नहीं आने देंगे, लेकिन उन्होंने 100 सीटों पर चुनाव लड़ा और उनके सिर्फ 20 विधायक ही चुनकर आए। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना ही निशाना साधा। एकनाथ शिंदे ने रक्षाबंधन के मौके पर अकोला में आयोजित आदिवासी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भरोसा दिया कि लाडकी बहिन योजना को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंसने कहा कि लाडकी बहिन योजना को लेकर विपक्ष ने इसे एक चुनावी जुमला बताया था, लेकिन अब चाहे विपक्ष कितनी भी अफवाहें फैलाए, लाडकी बहिन योजना बंद नहीं होगी। उन्होंने ये भी कहा कि हमने जो-जो वादे किए हैं, उनको पूरा किया जाएगा। किसानों की कर्जमाफी जैसे वादे को हम निभाकर रहेंगे। ये सरकार 'शब्द देने वाली' नहीं, बल्कि 'शब्द निभाने वाली' सरकार है। शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हम वादों से पलटने के लिए 'प्रिंटिंग मिस्टेक' का बहाना नहीं बनाएंगे। पिछले दिनों महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संसद के मानसून सत्र के अवसर पर दिल्ली दौरे के दौरान बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की।

कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांचवां दल गूंजी रवाना

पिथौरागढ़, 10 अगस्त (वेब वार्ता)। कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांचवां और अंतिम दल रविवार सुबह गूंजी के लिए रवाना हुआ। 50 सदस्यीय दल में 37 पुरुष और 13 महिला यात्री शामिल हैं। कैलाश मानसरोवर जाने वाला यात्रियों का यह जत्था शनिवार रात्रि साढ़े 10 बजे पिथौरागढ़ पहुंचा। दल ने केएमवीएन पिथौरागढ़ में रात्रि विश्राम किया और रविवार प्रात: साढ़े 7 बजे गूंजी के लिए प्रस्थान किया। आज यह दल गूंजी पहुंच जाएगा। दल के साथ लाइजनिंग अधिकारी मनु महाराज और ओम प्रकाश यात्रा संचालन व समन्वय का दायित्व निभा रहे हैं। स्वाला (चम्पावत) में शनिवार को सड़क अवरुद्ध होने से यह दल निर्धारित समय से विलंबित होकर पहुंचा।

लोन लेकर कंपनी में किया निवेश, 35 लाख डूबे

जोधपुर, 10 अगस्त (वेबवार्ता)। जोधपुर में एक व्यक्ति से 35 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों के झांसे में आकर बैंक से कर्ज लेकर निवेश किया था। दुबई में कंपनी का हेड ऑफिस बताकर दो से तीन गुना रिटर्न का झांसा देकर निवेश कराया था। मामला लूणी थाना क्षेत्र का है। लूणी के मोगड़ा कलां निवासी गणेश दास पुत्र रणछोड़ दास ने इस्तगासे के जरिए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उसने बताया कि उसकी अपने गांव में ही कपड़े की दुकान है। जनवरी 2021 में वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था, तभी उसका परिचित किशन पटेल और उसका साथी महेंद्र सिंह मेरे पास आए। महेंद्र सिंह ने उसे एफएक्स एरिना कंपनी के बारे में बताया और कहा कि यह पूरे भारत में फैली हुई है। यह कंपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुपयों का निवेश करवाती है और बहुत ही कम समय में निवेश की राशि तीन से चार गुना से ज्यादा मुनाफा कमाकर लोगों को देती है। दुबई में बताया कंपनी का हेड ऑफिस महेंद्र सिंह ने गणेश को विश्वास में लेने के लिए कंपनी के प्रचार-प्रसार सामग्री, पंपलेट आदि दिखाई और कहा कि कंपनी की दुबई में मैन ब्रांच को संभालने वाला दिनेश सिंह मेरा रिश्तेदार है। वह ज्यादातर दुबई में ही रहता है और लूणी तहसील के कृष्णा कृष्ण खेड़ा गांव का रहने वाला है, वह अभी गांव आया हुआ है।

रिपोर्ट में गणेश ने बताया कि दो-तीन दिन के बाद किशन पटेल, महेंद्र सिंह कंपनी के दुबई ब्रांच हेड दिनेश सिंह, उसका भाई दशरथ सिंह, सचिन, जितेंद्र सिंह से उसकी मुलाकात करवाई। उन्होंने कंपनी में निवेश के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में आर्थिक नुकसान झेल रहे लोगों को इस कंपनी में निवेश करवा कर उन्होंने मोटा मुनाफा देख आर्थिक रूप से सहायता की है और पीड़ित को कई लोगों के प्रोफाइल भी दिखाए। तीन साल में मूलधन भी लौटाने की बात कही इसके बाद उसे कंपनी की तरफ से जोधपुर शहर के कई होटल रूम में कंपनी के नाम से आयोजित होने वाले सेमिनार में लेकर गए। जहां कंपनी में निवेश करने वाले लोग इकट्ठा हुए थे और वहां पर आरोपियों ने उन्हें कई राज्य के लोगों से मिलवाया और इस तरह उसे भरोसा दिलाया। दिनेश सिंह ने बताया कि कंपनी का दुबई ब्रांच हेड मैं हूं और भारत में मेरे पिता और भाई काम संभालते हैं। आप इस कंपनी में निवेश कर सकते हैं, उसमें कुछ समय में ही तीन से चार गुना रिटर्न दे दिया जाएगा और अधिकतम 3 साल में निवेश किए गए मूलधन को भी वापस कर देंगे। गणेश ने बताया कि उन्होंने सोची समझी साजिश के तहत उसे जाल में फंसा लिया। फिर उसके नाम से 30 जनवरी 2021 कोष की आईडी जेनरेट कर 9 लाख रुपए दिनेश सिंह ने नकद लिए।

भारत के रेल नेटवर्क में ऑपरेशनल वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़कर 144 हुई

नई दिल्ली, 10 अगस्त (वेब वार्ता)। भारतीय रेलवे लगातार अपने नेटवर्क में तेज गति वाली आधुनिक ट्रेनों को जोड़ रहा है और इस कारण देश में ऑपरेशनल वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़कर 144 हो गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकार का ध्यान देश के रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने पर है। वंदे भारत सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें हैं जिन्हें भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को तेज, सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन और विकसित किया गया है। इन ट्रेनों में तेज एक्सीलरेशन, कवच सिस्टम, पूरी तरह से सीलबंद गैंगवे, ऑटोमेटिक डोर और आरामदायक सीटों की सुविधाएं हैं। ट्रेन में उपलब्ध सुविधाओं में हॉट केस वाली मिनी पैंट्री, बॉटल कूलर, डीप फ्रीजर और गर्म पानी के बॉयलर शामिल हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मिला फ्री हैंड, पहली बार देखा राजनीतिक स्पष्टता का ऐसा उदाहरण: सेनाध्यक्ष

नई दिल्ली, 10 अगस्त (वेब वार्ता)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों को खुली छूट दी गई थी। सेना को फ्री हैंड दिया गया था कि जो करना है, आप तय करें। यह बात भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कही है। सेनाध्यक्ष का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राजनीतिक दिशा और स्पष्टता का ऐसा उदाहरण रहा, जो हमने पहली बार देखा।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी आईआईटी मद्रास में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने यहां ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, उसने पूरे देश को झकझोर दिया था। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, 23 अप्रैल को, अगले ही दिन, हम सब बैठे। रक्षा मंत्री ने भी पहली बार कहा कि 'अब बहुत हो गया'। तीनों सेना प्रमुख इस बात पर एकमत थे कि कुछ किया जाना चाहिए। हमनें फ्री हैंड दिया गया कि जो करना है, आप तय करें। यह राजनीतिक दिशा और स्पष्टता का ऐसा उदाहरण था, जो हमने पहली बार देखा। सेना अध्यक्ष ने बताया, 25 अप्रैल को हम उत्तरी कमान गए। वहीं पर हमने सोचा, योजना बनाई, अवधारणा तैयार की और उसे अमल में लाए। हमने नौ में से सात ठिकाने तबाह किए और बड़ी संख्या में आतंकियों का सफाया हुआ।

29 अप्रैल को पहली बार प्रधानमंत्री से मुलाकात हुई। जनरल द्विवेदी ने आगे कहा, ऑपरेशन सिंदूर में हम एक तरह का शतरंज खेल रहे थे। हमें पता नहीं था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हमारी अगली चाल क्या होगी।

इसे ग्रे जोन कहते हैं। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक युद्ध नहीं कर रहे थे, बल्कि उससे ठीक पहले वाली रणनीति अपना रहे थे। हम चाल चलते थे, दुश्मन भी चाल चलता था। कहीं हम उसे चेकमेट कर रहे थे, तो कहीं जान जोखिम में डालकर वार कर रहे थे-और जिंदगी इसी का नाम है। जनरल द्विवेदी ने इस पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख असीम मुनीर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हुए कहा कि युद्ध में नैरेटिव मैनेजमेंट की अहम भूमिका होती है।

अगर आप किसी पाकिस्तानी से पूछें कि आप हारे या जीते, तो वह कहेगा कि उनके आर्मी चीफ असीम मुनीर, को फील्ड मार्शल बनाया गया है। पाकिस्तानी का विचार होगा कि अवश्य जीते होंगे, तभी तो असीम मुनीर फील्ड मार्शल बनाया गया है। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए उसके छह विमान मार गिराए थे। साथ ही कई एयरबेस भी तबाह किए गए। भारत ने पाकिस्तान के जिन विमानों को मार गिराया उनमें 5 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान शामिल थे।

'फिट इंडिया' अभियान विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक मजबूत जनआंदोलन बना: मनसुख मांडविया

नई दिल्ली, 10 अगस्त (वेब वार्ता)। 'फिट इंडिया - संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत देश भर से युवा और फिटनेस प्रेमी रविवार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एकजुट हुए। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने इस अभियान का शुभारंभ किया और लोगों से साइकिल चलाने को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन के तहत आयोजित किया गया था, जहां फिट इंडिया चैंपियनशिप के तहत 'संडे ऑन साइकिल विद पंचायत' का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से अच्छी-खासी भागीदारी देखी गई। मांडविया ने मीडिया से कहा, साइकिलिंग प्रदूषण का समाधान है; यह फिट इंडिया का मंत्र है। इससे पेट्रोल की बचत होती है और यह व्यायाम का बहुत अच्छा तरीका है। इसलिए, लोगों को फिट रहने के लिए साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस तरह, हम विकसित भारत के संकल्प को प्राप्त करने के और करीब पहुंचेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का फिट इंडिया अभियान अब 'संडे ऑन साइकिल' के रूप में एक बड़े राष्ट्रव्यापी अभियान का रूप ले चुका है। आज, 50,000 से ज़्यादा गांवों के पंचायत प्रतिनिधियों ने फिट इंडिया के संदेश को बढ़ावा देने के लिए साइकिल चलाकर इसमें भाग लिया। मांडविया ने आगे कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों से बढ़ती भागीदारी इस आंदोलन के व्यापक स्वरूप को दर्शाती है। उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि यह अभियान अब एक व्यापक आंदोलन बन गया है, जिसमें न केवल शहरवासी, बल्कि बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इस चैंपियनशिप में शामिल हो रहे हैं। हमें खुशी है कि लोग अब फिटनेस पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

कार्यक्रम में शामिल हुए पंचायत सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण समुदायों में फिट रहने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इस तरह की पहल नियमित रूप से दोहराई जानी चाहिए। एक पंचायत सदस्य ऋषि भूटानी ने फिटनेस के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव के बारे में बताया।

उन्होंने कहा, यह साइकिलिंग प्रतियोगिता बहुत अच्छी रही। मैं कई वर्षों से जिम जा रहा हूं और मुझे फिटनेस का बहुत शौक है। जब भी हम फिटनेस की बात करते हैं, खासकर फिट इंडिया की, तो हम अक्सर सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में सोचते हैं, लेकिन मानसिक फिटनेस भी उतनी ही जरूरी है। इसके लिए हमें अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

CBI के नाम से जोधपुर के युवक को धमकाकर ठगी

जोधपुर, 10 अगस्त (वेबवार्ता)। जोधपुर की उदय मंदिर थाना पुलिस ने एक युवक को डराने धमकाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फर्जी CBI अधिकारी बनकर पीड़ित को डराया। फिर खाते से रुपए ट्रांसफर करवा लिए। जानकारी अनुसार, रायबहादुर मार्केट स्थित थानवी बिल्डिंग में रहने वाले अमित कुमार पुरोहित ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया- उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया था। सामने वाले व्यक्ति ने बताया- अमित के नंबर से एक सिम कार्ड जारी हुआ है। यह सिम कार्ड दिल्ली पुलिस को दिया जा रहा है। फोन करने वाले ने अमित के वॉट्सऐप नंबर पर सीबीआई का एक लेटर भेज कर धमकाया। अलग-अलग बैंक खातों से 196581 रुपए भी डलवाए। 2 घंटे में रकम वापस आने का दावा किया साथ ही कहा- वेरिफिकेशन के 2 घंटे में आपकी रकम वापस आ जाएगी। वेरिफिकेशन के बाद भी उनके खाते में रुपए नहीं आए तो उन्हें संदेह हुआ। इसको लेकर उन्होंने उदय मंदिर थाने में रिपोर्ट दी। इन्हें किया गिरफ्तार उदय मंदिर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए।

कांग्रेस ने पाकिस्तानी बयानबाजी को बढ़ावा दिया: सीएम हिमंत बिस्वा सरमा

नई दिल्ली, 10 अगस्त (वेब वार्ता)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पार्टी और कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, जिन्होंने उनके अनुसार भारतीय वायुसेना की वीरता को बदनाम करने की कोशिश की। सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि एयर चीफ मार्शल ने दो महत्वपूर्ण बातें कही हैं, जो कांग्रेस के लिए शर्मिंदगी की वजह होनी चाहिए। पहली बात, कांग्रेस नेताओं ने भारत की संभावित क्षति को लेकर झूठ फैलाया था, जबकि अब वायुसेना के पास दुश्मन पर किए गए प्रहार के विस्तृत और अचूक प्रमाण मौजूद हैं। दूसरी बात, कांग्रेस ने एक पाकिस्तानी उत्पन्न दोषपूर्ण अभियान चलाया कि मोदी सरकार ने हमारी सेनाओं की ऑपरेशनल क्षमता पर पाबंदियां लगाईं, लेकिन इसे भी पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है। सरमा ने कहा, कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए कि उन्होंने जानबूझ कर पाकिस्तानी नैरेटिव को फैलाया और हमारी सेनाओं की बहादुरी को कम आंका। एक अन्य कार्यक्रम में, सरमा ने राज्य में चल रही भूमिहीन आवास धारा के तहत हटाए जा रहे।

'ऑपरेशन सिंदूर' तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण: जनरल अनिल चौहान

नई दिल्ली, 10 अगस्त (वेब वार्ता)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और परिचालन सामंजस्य का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी।

उन्होंने 21 वें उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम (एचडीएमसी) के प्रतिभागियों और कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम), सिकंदराबाद के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों में एकीकृत अभियानों के भविष्य की कार्य योजना को आकार देने के लिए अहम बिंदुओं का उल्लेख किया। जनरल अनिल चौहान ने प्रौद्योगिकी-संचालित आधुनिक युद्ध में विघटनकारी परिवर्तनों से निपटने के लिए व्यापक क्षमता विकास, आत्मनिर्भरता और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों की गहरी समझ के महत्व पर बल दिया। सीडीएस ने 'राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना और उच्चतर रक्षा प्रबंधन' पर एक व्यापक व्याख्यान में भारत के रक्षा संगठन के विकास और वर्तमान ढांचे की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने सैन्य मामलों के विभाग की उपलब्धियों, निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा समितियों के कामकाज, संगठनात्मक पुनर्गठन सहित सुधारों के पालन और संयुक्त क्षमता बढ़ाने हेतु थिएटर कमांड की कार्य योजना का उल्लेख किया। उन्होंने उभरती राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर सुधारों, आपसी तालमेल और अनुकूलनशीलता के महत्व पर बल दिया गया। जनरल अनिल चौहान ने संयुक्त रसद और एकीकरण को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों के तहत, सीडीएम द्वारा तैयार एक व्यापक मार्गदर्शिका, 'एकीकृत रसद के लिए संयुक्त प्राइमर' जारी की। उन्होंने कहा कि रसद सैन्य अभियानों की रीढ़ है और सशस्त्र बलों में रसद प्रक्रियाओं का एकीकरण रणनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अत्यंत जरूरी है। सीडीएस ने स्मार्ट बाइक पब्लिक साइकिल शेयरिंग सुविधा का भी उद्घाटन किया, जो सीडीएम के कर्मचारियों के लिए दैनिक आवागमन हेतु पर्यावरण-अनुकूल ई-साइकिलों तक सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की एक अग्रणी कदम है। यह परियोजना सीडीएम द्वारा स्मार्ट बाइक मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से लागू की गई है और यह सीडीएम की पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं, स्मार्ट तकनीक और स्वस्थ जीवनशैली विकल्पों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इंडिया गठबंधन के सांसदों का चुनाव आयोग तक मार्च

नई दिल्ली, 10 अगस्त (वेब वार्ता)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर वोट चोरी कराने के आरोप के बाद इंडिया गठबंधन के नेता सोमवार को संसद से निर्वाचन कार्यालय तक मार्च करेंगे।

इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का सीधा आरोप है कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करवा रहा है और भाजपा को फायदा पहुंचा रहा है। श्री गांधी के आवास पर पिछले सप्ताह आयोजित डिनर में इस विषय पर चर्चा के बाद तय हुआ था कि गठबंधन दलों के सांसद इस मुद्दे पर संसद भवन से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे। मार्च का आयोजन सोमवार 11 अगस्त को हो रहा है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031.
फोनः +91 44 4564 4000 / फैक्सः +91 44 4564 4022

सार्वजनिक सूचना
स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लेखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उसके द्वारा प्राप्त स्वर्ण आभूषण के बदले ऋण सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया चुकाने में विफल रहा है। हम 19/08/2025 को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं। यदि इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है। इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तारीख बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ऋण खाता संख्या	ग्राहक का नाम	शाखा का नाम
154124580	वीरमा राम	बाड़मेर एमबीएल

नीलामी 19/08/2025 को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक https://idfcegold.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन और 19/08/2025 को दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक http://gold.samil.in के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ताओं को अंतिम सूचना और निर्धारित नीलामी तिथि से पहले सभी ब्याज और शुल्कों के साथ सुविधा वापस ली गई राशि का भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, अन्यथा आभूषणों की नीलामी कर दी जाएगी। कृपया ध्यान दें कि, यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं हो पाती है, तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर उन्हीं नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की पुनः नीलामी करेगा। यदि ग्राहक की मृत्यु हो जाती है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उसके कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

दिनांकः 11-08-2025 स्थानः बाड़मेर

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-ए - ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी-बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित)

रजि. कार्यालयः- 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोनः-011-23357171, 23357172, 23705414, वेबः-www.pnbhousing.com

बी ओ जोधपुर : ओम सरस्वती टावर, पहली मंजिल, ओएसमोटर के पीछे, चोपासनी रोड, जोधपुर-342001, राजस्थान

एतद्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में दर्शाए गए उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार "जहां है जैसा है, जो है जैसा है और जो भी है के आधार पर" बेचा जाएगा। एतद्वारा उधारकर्ता/बंधककर्ता/कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक, प्रशासक, उत्तराधिकारी, संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता (अब मृत) के समनुदेशिती को नोटिस दिया जाता है, जैसा कि आज की तिथि तक संशोधित सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम-8(6) और 9 के अंतर्गत कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया डब्ल्यूएस पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.pnbhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋण संख्या का नाम उधारकर्ता/सह- उधारकर्ता/गारंटर / कानूनी उत्तराधिकारी(ए)	मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियाँ का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी)(ई)	ईएमडी (10% का आरपी)(एफ)	बोली जमा करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि मानसिक दर (एच)	निरीक्षण दिनांक और समय(आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	एनोउन् एनकम ब्रेंस कोर्ट केस, यदि कोई हो (के)
एचओयू/जेडीएच/1219/761146 विरेन्द्र कुमार आसवानी, कविता आसवानी बी.ओ.: जोधपुर	रूपये 13012, 407.39 11/10/2023	भौतिक कब्ज़ा	मकान नंबर 25 का पूर्वी भाग, खसरा नंबर 161/1, मंगलम होम्स, ग्राम पाल, जोधपुर, राजस्थान, भारत, 342001	रु. 1773000	रु. 177300	25-08-2025	रु. 10,000	15-08-2025, सुबह 10.00 बजे -शाम 5.30 बजे	26-08-2025, 02.00 अपराह्न - अपराह्न 03.00 बजे	ज्ञात नहीं है

*18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ जैसा लागू हो, भुगतान और/या उसकी वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि। **पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त उल्लेखित अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कॉलम संख्या-के में बताए गए को छोड़कर कोई अन्य बाधा/दावा नहीं है। सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपनी ओर से पूरा किया/भुगतान किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लेखित बाधाओं की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।

1. आज तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों को बेचने, अलग करने और/या निपटाने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लेखित है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कॉलम संख्या-के में बताई गई कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में दलील का निरीक्षण कर सकते हैं। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी मामलों में खुद को संतुष्ट करते हैं। बोली लगाने वालों को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करना होगा। 3. कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (इसमें शामिल है) बयाना राशि का) उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोली लगाने वालों) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टिकरण पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता को बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और ऐसी जमा राशि में चूक होने पर, अधिकृत अधिकारी बिक्री का आंशिक भुगतान जब्त कर लेगा। बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लेखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर प्रतिफल राशि और संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फिर से बेचा जाएगा। (4.) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के संचालन में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में है। वेबसाइट - www.bankeauctions.com संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण के लिए, आपको पवन कुमार टोल फ्री नंबर -1800120 8800, ई-मेलः auction@pnbhousing.com के साथ समन्वय करना होगा, जो पीएनबीएचएफएल का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।

स्थानः-जोधपुर दिनांकः- 09.08.2025 एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एम.जी.एच. रोड, जोधपुर से मुद्रित व प्लॉट नं. 104, भगत की कोठी, न्यू पाली रोड, जयश्री स्कूल के पास, जोधपुर से प्रकाशित। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिंक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः yuvrajsinghh@gmail.com